उपस्थित रहे।

आने पर एईएस मरीज को लाइन ऑफ ट्रीटमेंट देना है।

वित्त मंत्री ने फीता काटकर किया दीपावली मेले का शुभारंभ

शाहजहांपुर। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में नगर निगम द्वारा आयोजित दीपावली मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया।

इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मेले में सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए अलग-अलग विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों को देखा और कहा कि नगर निगम द्वारा आयोजित दीपावली मेले में शहरी समृद्धि उत्सव के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं छोटे उद्यमियों को आय का अतिरिक्त साधन अर्जित करने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे। बताया कि इस दीपावली मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ- साथ बॉलीवुड कलाकारों के द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि कि मेले में अधिक से

अधिक लोग प्रतिभाग कर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का मनोरंजन लें तथा छोटे उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि दीपावली में शाम के समय सांस्कृतिक एवं कवि सम्मेलन का भी कार्यक्रम किया जाएगा। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं और आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 30 अक्टूबर से 31 अक्टूबर को सांस्कृतिक विभाग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दीपावली मेले में मैजिक शो, कठपुतली आदि का आयोजन करने के साथ-साथ नगर के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी सामानों के स्टाल भी लगाए गए हैं।